# कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी, वाराणसी।

संख्या– 341 /निर्वाचन–2016 दिनांक 25 जुलाई, 2016

विषय– असम राज्य के जनपद–नगांव व कामरूप से ई0वी0एम0 लाने के संबंध में।

सेवा में,

मेसर्स, आशू लाजिस्टिक एण्ड पैकेजिंग,
प्रा0लि0 हाऊस नं0–14 अमृत नगर,
बेलटोला चरैली, गोहाटी।
मो0–07086055402, 08822461275 (श्री अमित सिंह)
मो0–09864061275 (प्रीति चौधरी)

कृपया मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्या–754/सी0ई0ओ0–3–13/3–2016 दिनांक–13 जुलाई, 2016 के अनुपालन में आगामी विधान सभा सामान्य निर्वाचन 2017 के उपयोगार्थ भारत निर्वाचन आयोग द्वारा असम राज्य के जनपद नगांव व कामरूप से वाराणसी के लिये ई0वी0एम0 आवंटित की गयी है।

आपके पत्र सं0–ए.ए.एल.पी.पी.एल/2016–17/इन/2016601 दिनांक 15–07–2016 में दिये गये दर के आधार पर असम राज्य के जनपद–नगांव से बैलेट यूनिट–3153 तथा कन्ट्रोल यूनिट–1731 एवं जिला–कामरूप से बैलेट यूनिट–1079 तथा कन्ट्रोल यूनिट 1795 इस प्रकार कुल बैलेट यूनिट 4232 एवं कन्ट्रोल यूनिट 3526 ई0वी0एम0 लाने हेतु सहमति दी जा रही है। उक्त मशीनों को पहुॅचाने में लोडिंग/अनलोडिंग एवं रास्ते में होने वाले व्यय ईधन सहित आपको प्रति कन्टेनर रूपये 80,000.00 (रू0 अस्सी हजार) मात्र दिया जायेगा। कार्य समाप्ति के पश्चात् बिल प्रस्तुत करने पर् भुगतान की कार्यवाही की जायेगी।

ई0वी0एम0 की लोडिंग असम राज्य के नगांव तथा कामरूप जिलों में किया जायेगा। उक्त कार्य हेतु इस जनपद के नोडल अधिकारी श्री कुलदीप मिश्रा (मो0नं0–7398259190), भूमि संरक्षण अधिकारी, उसर भूमि सुधार, वाराणसी दिनांक 27–07–2016 को वहॉ उपस्थित रहेंगे, जिनकी देख–रेख एवं निर्देशन में ई0वी0एम0 मशीनों की लोडिंग करायी जायेगी।

अतएव आपको निर्देशित किया जाता है कि नोडल अधिकारी के उक्त जनपदों में उपस्थिति के समय 777 बाक्स लादने हेतु दिनांक 27–07–2016 को कन्टेनर समय से उपलब्ध कराते हुये ई0वी0एम0 मशीनों की लोडिंग कराना सुनिश्चित करेंगे।

(विजय किरन आनन्द)
जिला मजिस्ट्रेट/
जिला निर्वाचन अधिकारी,
वाराणसी।

संख्या व दिनांक–यथोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, वाराणसी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त जनपदों से ई0वी0एम0 लाने हेतु पर्याप्त सुरक्षाकर्मी की तैनाती करने का कष्ट करें तथा तैनात किये गये सुरक्षाकर्मी के नाम, पदनाम व मोबाइल नम्बर शीघ्र ही इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें। असम राज्य के जनपद नगांव व कामरूप प्रस्थान के दौरान भेजते हुये श्री कुलदीप मिश्रा (मो0नं0–7398259190), भूमि संरक्षण अधिकारी, उसर भूमि सुधार/नोडल अधिकारी ई0वीएम0, वाराणसी से समन्वय स्थापित करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।
2. श्री कुलदीप मिश्रा, भूमि संरक्षण अधिकारी, उसर भूमि सुधार/नोडल अधिकारी ई0वीएम0 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त ट्रान्सपोर्ट से उनके दिये गये मोबाइल नम्बर पर वार्ता कर अग्रिम कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

जिला मजिस्ट्रेट/
जिला निर्वाचन अधिकारी,
वाराणसी।

जिला निर्वाचन कार्यालय वाराणसी

D:\Revision-2016 HCL Computer\Vijay.doc

ई–मेल / स्पीड पोस्ट

# कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश।

चतुर्थ तल विकास भवन, जनपथ मार्केट लखनऊ–226001

संख्याः 754 / सी0ई0ओ0–3–13 / 3–2016    लखनऊः दिनांकः 13 जुलाई, 2016

सेवा में,

जिला निर्वाचन अधिकारी,
इलाहाबाद, फतेहपुर, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, आजमगढ़, बलिया, मऊ, चित्रकूट, बांदा, हमीरपुर, महोबा, फैजाबाद, अम्बेडकरनगर, बाराबंकी, सुलतानपुर, अमेठी, गोण्डा, बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती, गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, महाराजगंज, बस्ती, संतकबीरनगर, सिद्धार्थनगर, झांसी, जालौन, ललितपुर, लखनऊ, हरदोई, खीरी, रायबरेली, सीतापुर, उन्नाव, वाराणसी, चन्दौली, गाजीपुर, जौनपुर, मिर्जापुर, संतरविदासनगर तथा सोनभद्र।

विषयः **आगामी विधान सभा सामान्य निर्वाचन–2017–इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों के आवंटन के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आगामी विधान सभा सामान्य निर्वाचन–2017 के उपयोगार्थ आपके जिले को असम तथा तमिलनाडु राज्य के जिलों से संलग्न विवरण के अनुसार इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनें आवंटित कर आनलाइन आपको भेज दी गयी हैं। असम तथा तमिलनाडु राज्यों से ई0वी0एम0 लाने के लिए धनराशि भी आवंटित कर दी गयी है। उक्त आवंटित धनराशि में ट्रकों का किराया, ट्रकों हेतु ईंधन, ई0वी0एम0 लोडिंग / अनलोडिंग तथा ई0वी0एम0 प्राप्त करने हेतु सम्बन्धित राज्य को जाने वाले अधिकारी / कर्मचारी / सुरक्षा कर्मियों पर व्यय होने वाली धनराशि सम्मिलित है।

5517
14/7/16

2– समस्त सम्बन्धित जिला निर्वाचन अधिकारी कृपया ई0वी0एम0 लाने हेतु एक उत्तरदायी अधिकारी को नोडल अधिकारी, एक या दो कर्मचारी तथा ट्रकों की संख्या के आधार पर पर्याप्त सुरक्षा कर्मी की तैनाती करेंगे। साथ ही आवश्यक संख्या में वाहनों का अधिग्रहण कर इस टीम को उपलब्ध कराया जाये। तमिलनाडु एवं असम राज्यों के सम्बन्धित जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारियों के नाम व दूरभाष नं0 आपको यथाशीघ्र आपको अलग से भेजे जा रहे हैं।

14.7.16

3– आयोग के निर्देशानुसार ई0वी0एम0 का परिवहन का कार्य दिनांक 31.07.2016 तक पूर्ण कर लेना है। अतः आपके स्तर पर प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही अपेक्षित होगी। अपने जिले से भेजे जाने वाले अधिकारियों / कर्मचारियों के नाम, उनके मोबाईल नम्बर एवं सुरक्षाबलों के नाम / मोबाईल नम्बर एवं उनके कार्यक्रम की सूचना तत्काल इस कार्यालय को ई0मेल / फैक्स द्वारा भेजी जानी है जिससे कि तमिलनाडु एवं असम राज्य तथा मार्ग में पड़ने वाले राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय स्तर से अनुश्रवण की कार्यवाही सुनिश्चिम कराई जा सके। इससे परिवहन का कार्य सुगमता से किया जा सकेगा। ई0वी0एम0 परिवहन हेतु भेजी जाने वाली टीम को मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के सम्बन्धित अधिकारी, विशेष कार्याधिकारी का कार्यालय नं0–0522–2230410 मोबाईल नं0–09454418104 एवं सहायक का मोबाईल नं0–09454418107 अवश्य दे दिया जाये जिससे किसी कठिनाई का निस्तारण त्वरित गति से कराया जा सके।

तद्नुसार कृपया तमिलनाडु एवं असम राज्यों से आवंटित पोस्ट–2006 माडल की बी0ई0एल0 मेक की ई0वी0एम0 को परिवहन कर लाने हेतु नोडल आफिसरों को सम्बन्धित राज्यों में भेजने की तत्काल व्यवस्था करने का कष्ट करें जिससे निर्धारित समय से इसे प्रदेश में लाया जा सके।

संलग्नकःयथोक्त।

भवदीय,

(अतीक अहमद सिद्दीकी)
विशेष कार्याधिकारी।

पत्र संख्या- 754/CEO-3, दिनांक 13.07.2016 का संलग्नक

| FROM- ASSAM STATE | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl.No. | Districts OF Assam | EVMs Available for lifting | | Districts of U.P. | Allocation for Lifting | |
| | | BU | CU | | BU | CU |
| 1 | Bongaigaon | 6230 | 6247 | 1- Ambedker Nagar | 2710 | 2256 |
| | | | | 2- Amethi | 2580 | 2133 |
| | | | | 3- Barabanki | 940 | 1858 |
| 2 | Kamrup | 8515 | 6227 | 3- Barabanki | 2480 | 789 |
| | | | | 4- Faizabad | 2720 | 1723 |
| | | | | 5- Sultanpur | 2236 | 1920 |
| | | | | 6- Varanasi | 1079 | 1795 |
| 3 | Nagaon | 4964 | 6588 | 6- Varanasi | 3153 | 1731 |
| | | | | 7- Jaunpur | 1811 | 4455 |
| 4 | Silchar | 4925 | 3580 | 7- Jaunpur | 3535 | 0 |
| | | | | 8- Ghazipur | 1390 | 2210 |
| 5 | Jorhat | 4066 | 4958 | 8- Ghazipur | 2120 | 0 |
| | | | | 9- Chandauli | 1946 | 300 |
| Total | | | | | 28700 | 21170 |